1. बैरन तथा नारकोण्डम है-
(A) भारत में पर्वतीय वनस्पति का प्रकार
(B) भारत में नदियाँ
(C) भारत में ज्वालामुखी
(D) भारत में कृषि प्रकार [C]

2. वर्तमान में, राजस्थान विधानसभा की महिला एवं बाल कल्याण संबंधी समिति की अध्यक्ष हैं-
(A) मंजू देवी (B) शाफिया जुबैर
(C) अनीता भदेल (D) शकुन्तला रावत [C]

3. निम्नलिखित में से भारत के किन शहरों को "2021 ट्री सिटीज़ ऑफ द वर्ल्ड" के रूप में मान्यता दी गई है-
(A) हैदराबाद और उदयपुर (B) तिरुवनंतपुरम और बंगलुरु
(C) पुणे और बेंगलुरु (D) मुंबई और हैदराबाद [D]

4. हाल ही में सितम्बर 2022 को, किस देश के प्रधानमंत्री ने राजस्थान का दौरा किया?
(A) नेपाल (B) बांग्लादेश
(C) भूटान (D) दक्षिण कोरिया [B]

5. महारानी विक्टोरिया के स्वर्ण जुबली उत्सव में भाग लेने के लिए 1887 में, मारवाड़ के प्रतिनिधि के रूप में किसे इंग्लैण्ड भेजा गया?
(A) कल्याण सिंह (B) प्रताप सिंह
(C) विजय सिंह (D) जसवंत सिंह [B]

6. किसके नेतृत्व में, शेखावटी किसान आंदोलन में 10,000 से अधिक जाट महिलाओं ने भाग लिया?
(A) किशोरी देवी (B) दुर्गा देवी शर्मा
(C) रामदेवी (D) उत्तमा देवी [A]

7. कलाओं के प्रोत्साहन के लिए, 1857 ई. में, 'महाराजा स्कूली ऑफ आर्ट्स एण्ड क्राफ्ट्स' की स्थापना की थी-
(A) सवाई राम सिंह II ने (B) सवाई जय सिंह ने
(C) सवाई प्रताप सिंह ने (D) सवाई माधो सिंह I ने [A]

8. बूँदी स्थित रंगमहल, जो सुन्दर भित्तिचित्रों से सुसज्जित है, किसने बनवाया?
(A) राव रतन सिंह (B) राव सुरजन सिंह
(C) महाराव बुद्धसिंह (D) राव छत्रसाल [D]

9. पूर्व पश्चिम गलियारा राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले से नहीं गुजरता है?
(A) बूँदी (B) झालावाड़
(C) कोटा (D) बारां [B]

10. ई-मित्र एट होम (e-Mitra@Home) योजना को निम्न में से किन जिलों के शहरी क्षेत्रों हेतु शुरू किया गया है?
(A) कोटा एवं जोधपुर (B) जोधपुर एवं जयपुर
(C) जयपुर एवं अजमेर (D) जयपुर एवं कोटा [B]

11. राजस्थान में टंगस्टन का उत्पादन कहाँ होता है?
(A) खेतड़ी (B) देबारी
(C) डेगाना (D) ब्यावर [C]

12. निम्न में से कौन राजस्थान की प्रथम महिला राज्यसभा सदस्य थी?
(A) गायत्री देवी (B) प्रियंका चतुर्वेदी
(C) शारदा भार्गव (D) सोनल मानसिंह [C]

13. स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि मंत्री कौन थे?
(A) मौलाना आजाद (B) वल्लभ भाई पटेल
(C) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर (D) जे.एल. नेहरू [C]

14. श्रीलाल जोशी का सम्बन्ध था-
(A) थेवा कला से
(B) फड़ चित्रण से
(C) मृण शिल्प से
(D) मूर्ति कला से [B]

15. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

| सूची - I (विद्युत संयंत्र) | सूची - II (राज्य) |
|---|---|
| (a) सतपुड़ा | (1) महाराष्ट्र |
| (b) धुवरन | (2) उत्तराखंड़े |
| (c) टनकपुर | (3) गुजरात |
| (d) दाभोल | (4) मध्य प्रदेश |

कूट :-
(A) a-4, b-3, c-2, d-1 (B) a-1, 6-2, c-3 d-4
(C) a-1, 6-3, c-2, d-4 (D) a-4, 6-2, c-3, d-1 [A]

16. मेवाड़ की पुकार 21 सूत्रीय मांगपत्र का सम्बन्ध किससे था?
(A) साधु सीताराम दास (B) मोतीलाल तेजावत
(C) माणिक्य लाल वर्मा (D) विजय सिंह पथिक [B]

17. मुगल सम्राट शाहजहाँ के समय से ही प्रसिद्ध 'नाहर नृत्य के आयोजन की परम्परा कहाँ प्रचलित है-
(A) चाकसू (B) किशनगढ़
(C) चोमू (D) माण्डल [D]

18. किस भारतीय खिलाड़ी ने जर्मन ओपन बैडमिंटन 2022 प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया?
(A) लक्ष्य सेन (B) श्रीकान्त किदम्बी
(C) पी.वी. सिंधु (D) साइना नेहवाल [A]

19. मक्का राजस्थान की किस जनजाति का मुख्य भोजन है?
(A) सांसी (B) मीणा
(C) भील (D) सहरिया [C]

20. भारत में रक्षा क्षेत्र में स्वचालित मार्ग से विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की सीमा को बढ़ाकर कितने प्रतिशत कर दिया गया है?
(A) 74% (B) 51%
(C) 100% (D) 49% [A]

21. आर. जी. भण्डारकर और आत्माराम पाण्डुरंग निम्नलिखित में से किस संस्था से संबद्ध थे?
(A) प्रार्थना सभा (B) आत्मीय सभा
(C) होमरूल लीग (D) रामकृष्ण मिशन [A]

22. कौन सा असत्य है?
(A) राजस्थान को 14 कृषि जलवायु प्रदेशों में बांटा गया है।
(B) राजस्थान में आर्द्र खेती दक्षिण-पूर्वी भाग में की जाती है।
(C) राजस्थान में झूमिंग खेती को वालरा कहते हैं।
(D) शुष्क खेती पश्चिमी राजस्थान में प्रचलित है। [A]

23. शिवरात्रि पशु मेले का आयोजन होता है -
(A) अलवर में (B) भरतपुर में
(C) झालावाड़ में (D) करौली में [D]

24. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सही सुमेलित नहीं है-
(A) घुड़ला - श्रावण शुक्ल तृतीया
(B) ऊबछठ - भाद्रपद कृष्ण पक्ष षष्ठी
(C) गणगौर - चैत्र शुक्ल तृतीया
(D) फूलडोल - चैत्र कृष्ण प्रतिपदा [A]

25. अधोलिखित (लोक देवता - मुख्य तीर्थस्थल) में से कौनसा युग्म असंगत है?
(A) तल्लीनाथ जी - कतरियासर (बीकानेर)
(B) तेजाजी - परबतसर (नागौर)
(C) देवनारायण जी - आसींद (भीलवाड़ा)
(D) पाबूजी - कोलू गाँव (फलोदी) [A]

26. राजस्थान मूल के प्रख्यात शास्त्रीय वादक रामनारायण तथा सुल्तान खां का सम्बन्ध किस वाद्य यन्त्र से है?
(A) तबला
(B) सितार
(C) कमायचा
(D) सारंगी [D]

27. निम्नलिखित में से कौनसा कृषि क्षेत्र भारत सरकार की बाजार हस्तक्षेप योजना के अंतर्गत आता है?
(A) वानिकी (B) बागवानी
(C) पशुपालन (D) सिंचाई [B]

28. जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद का सातवां अधिवेशन कहाँ आयोजित हुआ था?
(A) जयपुर (B) जोधपुर
(C) उदयपुर (D) अजमेर [C]

29. निम्नलिखित में से कौनसा संरक्षित क्षेत्र झुंझुनू जिले में विस्तृत नहीं हैं?
(A) बीड (B) शाकम्भरी
(C) मनसा माता (D) गोगेलाव [D]

30. भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, जब वार्षिक वर्षा की कमी सामान्य वर्षा से ................ अधिक होती है, तब प्रचण्ड सूखे की स्थिति होती है।
(A) 40% (B) 25%
(C) 50% (D) 20% [C]

31. श्यामपुरा और भाट नहरें सम्बन्धित हैं-
(A) जयसमन्द झील से (B) कोटा बैराज से
(C) नर्मदा नहर से (D) माही नदी से [A]

32. राजस्थान की बांका - पट्टी किस समस्या से ग्रसित है?
(A) फ्लोराइड की (B) वायु प्रदूषण की
(C) चूना पत्थर की (D) सूखा और अकाल की [A]

33. भारतीय हरित क्रांति की शुरुआत किस विश्वविद्यालय से हुई थी?
(A) कानपुर विश्वविद्यालय से (B) दिल्ली विश्वविद्यालय से
(C) हैदराबाद विश्वविद्यालय से (D) पंतनगर विश्वविद्यालय से [D]

34. निम्नलिखित में से कौन (सिंचाई परियोजना - स्थान (जिला)) सुमेलित नहीं है?
(A) बँथली - बारा (B) इंदिरा लिफ्ट - गंगानगर
(C) बांकली - जालौर (D) भीमलत - बूंदी [B]

35. कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की मेजबानी कौन-सा देश करेगा?
(A) साओ पाउलो, ब्राज़ील (B) पेरिस, फ्रांस
(C) नई दिल्ली, भारत (D) विक्टोरिया,ऑस्ट्रेलिया [D]

36. प्रधानमंत्री उज्जवला योजना का शुभारम्भ हुआ-
(A) बलिया (उत्तरप्रदेश) से (B) झालावाड़ (राजस्थान) से
(C) सूरत (गुजरात) से (D) पटना (बिहार) से [A]

37. गरासिया जनजाति में 'मोर बन्धिया' रीति रिवाज, किस अवसर से जुड़ा हुआ है?
(A) जन्म (B) विवाह
(C) तलाक (D) सगाई [B]

38. इंदिरा महिला शक्ति उड़ान योजना संबंधित है -
(A) ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को मुफ्त व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना
(B) प्रजनन आयु की लड़कियों और महिलाओं को मुफ्त सैनिटरी नेपकिन का वितरण
(C) ग्रामीण क्षेत्रों की लड़कियों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करना
(D) कॉलेज की लड़कियों को मुफ्त स्कूटी प्रदान करना [B]

39. निम्नलिखित में किस एक जिले में 'गोड़वाड़ी बोली' बोली जाती है?
(A) डूंगरपुर (B) जालौर
(C) जैसलमेर (D) अजमेर [B]

40. टोंक जिले की जनकपुरा और कुशालपुरा खाने जिस खनिज के उत्पादन हेतु जानी जाती है, वह हैं-
(A) यूरेनियम (B) वोलास्टोनाइट
(C) गार्नेट (D) फेल्सपार [C]

41. राजस्थान के निम्नलिखित जिलों को उत्तर से दक्षिण की ओर सही क्रम में व्यवस्थित करें -
(i) श्रीगंगानगर (ii) जालौर
(iii) जोधपुर (iv) बीकानेर
कूट
(A) (ii), (iv), (iii), (i) (B) (i), (ii), (iii), (iv)
(C) (i), (iv), (iii), (ii) (D) (ii), (i), (iii), (iv) [C]

42. राजस्थान के किस जिले में, जिप्सीफेरस मृदा मिलती हैं?
(A) बीकानेर (B) जोधपुर
(C) पाली (D) अलवर [A]

43. कौन सा संवैधानिक संशोधन ई.डब्ल्यू.एस. आरक्षण से संबंधित है?
(A) 104 (B) 101
(C) 103 (D) 102 [C]

44. राजस्थान में राज्य पर्यटन सलाहकार समिति के अध्यक्ष कौन हैं-
(A) आयुक्त, पर्यटन विभाग (B) राज्यपाल
(C) पर्यटन मंत्री (D) मुख्यमंत्री [D]

45. भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ शुगरकेन रिसर्च) कहाँ स्थित है?
(A) लखनऊ (B) नई दिल्ली
(C) वाराणसी (D) कानपुर [A]

46. पृथ्वीराज की "12 खम्बों की छतरी" निम्नलिखित में से किस किले में स्थित है?
(A) मेहरानगढ़ किला (B) चित्तौड़गढ़ किला
(C) कुंभलगढ़ किला (D) गोगुन्दा किला [C]

47. अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त जानकीलाल भांड का सम्बन्ध किस लोक नाट्य से है?
(A) नौटंकी (B) स्वांग
(C) ख्याल (D) रम्मत [B]

48. भारतीय रेलवे ने हाल ही में किस आई.आई.टी. संस्थान के साथ स्वदेशी हाइपरलूप सिस्टम विकसित करने की घोषणा की?-
(A) आई.आई.टी. मद्रास (B) आई.आई.टी. इंदौर
(C) आई.आई.टी. दिल्ली (D) आई.आई.टी. खड़गपुर [A]

49. 'विश्व सतत् विकास शिखर सम्मेलन' फरवरी (2022 ) की मेजबानी किस संस्थान द्वारा की गयी थी?
(A) इसरो
(B) नीति आयोग
(C) बार्क
(D) ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान (टी.ई.आर.आई.) [D]

50. किस वर्ष 'राजस्थान सेवा संघ' का स्थानांतरण अजमेर हुआ?
(A) 1920 (B) 1919
(C) 1918 (D) 1921 [A]

51. जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान में शिशु लिंगानुपात कितना था?
(A) 888 (B) 887
(C) 878 (D) 788 [A]

52. अमन, औस. तथा बोरो किस फसल से सम्बन्धित हैं?
(A) चावल (B) चाय
(C) गन्ना (D) गेहूँ [A]

53. भारत में सबसे छोटा (लम्बाई में) राष्ट्रीय राजमार्ग है-
(A) NH 966 B (B) NH 548
(C) NH 44 (D) NH 127 A [A]

54. निम्न में से किसे, भू-दान और कूप-दान कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भागीदारी के कारण भारत सरकार, ने 1956 में, पद्म विभूषण से सम्मानित किया?
(A) रतन शास्त्री (B) जानकी देवी बजाजे
(C) अंजना देवी चौधरी (D) नारायणी देवी वर्मा [B]

55. राष्ट्रीय कृषि आयोग ने सामाजिक वानिकी पद का उपयोग सर्वप्रथम जिस वर्ष में किया, वह है-
(A) 1976 (B) 1961
(C) 1982 (D) 1978 [A]

56. सूची को सूची-I से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए-

| सूची - I | सूची - II |
|---|---|
| (A) नाना साहब | (i) युद्ध में मारे गए /गई |
| (B) बहादुर शाह जफर | (ii) रंगून निर्वासित |
| (C) लक्ष्मी बाई | (iii) पकड़ लिया और मौत के घाट उतारा |
| (D) तात्या टोपे | (iv) नेपाल भाग गए /गई |

कूट-
(A) A-(iii), B-(iv), C-(ii), D-(i)
(B) A-(ii), B- (i), C-(iii), D- (iv)
(C) A-(i), B-(ii), C-(iii), D-(iv)
(D) A-(iv), B-(ii), C-(i), D-(iii) [D]

57. राजस्थान की किस चित्र शैली में नारियों को शिकार करते हुए दर्शाया गया है?
(A) कोटा (B) बीकानेर
(C) अलवर (D) जयपुर [A]

58. संसद राज्य सूची के विषय पर किस अनुच्छेद के तहत कानून बना सकती है?
(A) अनुच्छेद 249 (B) अनुच्छेद 253
(C) अनुच्छेद 293 (D) अनुच्छेद 223 [A]

59. भारत में, कौन सी प्रथम सिंचाई परियोजना है जिसमें छिड़काव सिंचाई /फव्वारा सिंचाई को अनिवार्य कर' दिया गया है?
(A) इंदिरा गाँधी नहर परियोजना
(B) माही बजाज सागर परियोजना
(C) चम्बल नहर परियोजना
(D) नर्मदा नहर परियोजना [D]

60. 'रूपायन संस्थान' कहाँ स्थित है?
(A) बोरुन्दा (B) बून्दी
(C) बगरू (D) बदनोर [A]

61. सहजो बाई का संबंध किस संप्रदाय से है?
(A) चरणदासी (B) अलखदासी
(C) लालदासी (D) रामस्नेही [A]

62. भारत में कृषि आय की गणना की जाती है-
(A) व्यय विधि (B) वस्तु प्रवाह विधि
(C) निर्गत विधि (D) आगत विधि [C]

63. राजस्थान में अंत्योदय योजना (1977) का उद्देश्य था -
(A) फसल बीमा उपलब्ध कराना
(B) सबसे गरीब परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना
(C) भिखारियों का पुनर्वास
(D) बंजर भूमि का विकास [B]

64. पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित अभिजीत सेन निम्नलिखित में से किस पेशे से सम्बन्धित थे?
(A) खगोल (B) साहित्य
(C) अर्थशास्त्र (D) चिकित्सा विज्ञान [C]

65. वित्त वर्ष 2021-22 के लिए राजस्थान के 6वें राज्य वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित अनुदान राशि के जिलेवार वितरण का मिलान करें-

| | |
|---|---|
| (1) जिला परिषद | (i) 5% |
| (2) पंचायत समिति | (ii) 20% |
| (3) ग्राम पंचायत | (iii) 7.5% |

सही विकल्प चुनें
(A) (1)-iii, (2)-i, (3)-ii (B) (1)-ii, (2)-i, (3)-ii
(C) (1)-i, (2)-ii, (3)-iii (D) (1)-ii, (2)-iii, (3)-i [C]

66. "कथोड़ी जनजाति मुख्यतः किस जिले में पायी जाती है?
(A) बांसवाड़ा में (B) उदयपुर में
(C) डूंगरपुर में (D) कोटा में [B]

67. मेहरानगढ़ दुर्ग में स्थित चामुण्डा माता मन्दिर की स्थापना किसने की थी?
(A) दुर्गादास (B) राव कल्याणमल
(C) महाराज अजीत सिंह (D) राव जोधा [D]

68. द्वितीय पंचवर्षीय योजना की रूपरेखा किसके द्वारा बनाई गई थी?
(A) पी.सी. महालनोबिस (B) वी. के. आर.वी. राव
(C) बी.एन. गाडगिल (D) सी. एन. वकील [A]

69. रबर का सर्वाधिक उत्पादक राज्य कौनसा है ?
(A) तेलंगाना (B) तमिलनाडु
(C) कर्नाटक (D) केरल [D]

70. अलवर के किस शासक के समय नीमूचाणा कांड हुआ?
(A) महाराजां विजय सिंह (B) महाराजा बन्ने सिंह
(C) महाराजा जय सिंह (D) महाराजा फतेह सिंह [C]

71. राजस्थान की किस रियासत और विशेष रूप से कौन-से शासक ने ब्लू पॉटरी को संरक्षण दिया?
(A) मेवाड़, महाराणा फतेह सिंह
(B) जयपुर, सवाई रामसिंह II
(C) जयपुर, सवाई प्रताप सिंह
(D) मेवाड़, महाराणा सज्जन सिंह [B]

72. राजस्थान में बीस सूत्री कार्यक्रम 2006 में निम्नलिखित में से कौनसा बिन्दु सम्मिलित नहीं है?
(A) शहरी सड़कें (B) किसानों को सहयोग
(C) श्रमिक कल्याण (D) गरीबी उन्मूलन [A]

73. निम्नलिखित में से कौन, मौद्रिक नीति को लागू करने के लिए नोडल एजेंसी है / है?
(i) भारतीय स्टेट बैंक (ii) यूनियन बैंक
(iii) भारतीय रिज़र्व बैंक
(A) केवल (ii) (B) (i), (ii) व (iii)
(C) केवल (iii) (D) केवल (i) [C]

74. भारत में निम्नलिखित में से कौनसा क्षेत्र जैवविविधता हॉटस्पॉट है?
(A) पश्चिमी घाट (B) पूर्वी तट
(C) पूर्वी घाट (D) गंगा के मैदान [A]

75. मेघालय पठार का सर्वोच्च बिन्दु/शिखर है-
(A) मिकिर पहाड़ियाँ (B) शिलांग
(C) जयंतिया पहाड़ियाँ (D) गारो पहाड़ियाँ [B]

76. लैंगिक समानता और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने भारत का पहला महिला बैंक, भारतीय महिला बैंक लिमिटेड', नाम से स्थापित किया था। इसे किस वर्ष लॉन्च किया गया था?
(A) 1999
(B) 2012
(C) 2017
(D) 2013 [D]

77. भारत के संविधान का कौनसा संविधान संशोधन अधिनियम, राजस्थान मंत्री परिषद के आकार को सीमित करता है?
(A) संविधान (95वां संशोधन) अधिनियम, 2009
(B) संविधान (91वां संशोधन) अधिनियम, 2003
(C) संविधान (75वां संशोधन) अधिनियम 1993
(D) संविधान (89वां संशोधन) अधिनियम, 2003 [B]

78. इंदिरा गाँधी नहर परियोजना में लिफ्ट नहरों की संख्या ............ है-
(A) 5 (B) 7
(C) 8 (D) 9 [B]

**79. राजस्थान राज्य सूचना आयोग, सूचना नहीं देने पर अधिकतम कितनी राशि का जुर्माना आरोपित कर सकता है?**
(A) 15000₹ (B) 25000₹
(C) 20000₹ (D) 30000₹ [B]

**80. राजस्थान में 'मुख्यमंत्री पर्यटन उद्योग संबल योजना' कब प्रारंभ की गई?**
(A) 2019 (B) 2020
(C) 2021 (D) 2018 [C]

**81. जयसिंह द्वितीय ने निम्न में से किस जगह वैद्यशाला नहीं बनवाई?**
(A) दिल्ली (B) आगरा
(C) मथुरा (D) उज्जैन [B]

**82. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए-**
(i) सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 का उद्देश्य प्रशासन में पारदर्शिता तथा उत्तरदायित्व लाना है।
(ii) अरुणा राय ने उस आंदोलन का नेतृत्व किया, जिसने सूचना के अधिकार अधिनियम के अधिनियमित होने का मार्ग प्रशस्त किया।
सही कूट चुनिए -
(A) केवल (ii) सही है (B) केवल (i) सही है
(C) न तो (i) ना ही (ii) सही है (D) दोनों कथन सही हैं [D]

**83. राजस्थान में सब्जी उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित किया गया है.**
(A) कोटा में (B) जयपुर में
(C) बूंदी में (D) उदयपुर में [C]

**84. साहित्य एवं साहित्यकार के युग्म में से असंगत छांटिए -**
(A) अमरसार - पं. जीवाधर
(B) राजप्रकाश - किशोरदास
(C) राजवल्लभ – महाराणा कुम्भा
(D) पाबू प्रकाश - मोड़जी आशिया [C]

**85. राजस्थान का कौनसा जिला औसत वार्षिक वर्षा की मात्रा सर्वाधिक प्राप्त करता है?**
(A) बारां (B) झालावाड़
(C) सिरोही (D) उदयपुर [B]

**86. निम्नलिखित में से कौन सी फसल, राजस्थान जायद के मौसम में उत्पादित नहीं की जाती है?**
(A) सोयाबीन (B) ककड़ी
(C) तरबूज (D) खरबूजा [A]

**87. 'भारतीय प्राचीन लिपिमाला' के प्रसिद्ध लेखक महाराणा कुंभा**
(A) गौरीशंकर हीराचन्द ओझा (B) मुनि जिन विजय
(C) रामकर्ण आसोपा (D) विश्वेश्वरनाथ रेऊ [A]

**88. निम्नलिखित में से कौनसी नदी रिफ्ट घाटी में बहती है?**
(A) गोदावरी (B) सतलुज
(C) गंगा (D) नर्मदा [D]

**89. राजस्थान सरकार द्वारा घोषित जेट्रोफा बीज का समर्थन मूल्य है -**
(A) 3.50₹ प्रति कि.ग्रा. (B) 8.50₹ प्रति कि.ग्रा.
(C) 12.00₹ प्रति कि.ग्रा. (D)11.00₹ प्रति कि.ग्रा. [B]

**90. राजस्थान के वर्तमान लोकायुक्त कौन हैं?**
(A) जी.के. व्यास (B) निहाल चन्द गोयल
(C) जी.एस. सन्धु (D) प्रताप कृष्ण लोहरा [D]

**91. राजस्थान के उपमुख्यमंत्रियों के बारे में कौन सी जोड़ी सुमेलित है?**
(A) घनश्याम तिवारी, सचिन पायलट
(B) कमला बेनीवाल, सचिन पायलट
(C) शिवचरण माथुर, टीकाराम पालीवाल
(D) हीरालाल देवपुरा, सचिन पायलट [B]

**92. मेवाड राज्य में 'महकमा खास की स्थापना की थी-**
(A) महाराणा गंगा सिंह ने (B) महाराणा शम्भू सिंह ने
(C) महाराणा सज्जन सिंह (D) महाराणा अजीत सिंह ने [B]

**93. अधोलिखित में से कौनसा युग्म (प्राचीन अंचल – आधुनिक जिला/जिले) सही सुमेलित नहीं है?**
(A) शिवि – चित्तौडगढ, उदयपुर
(B) अबुर्द देश – सिरोही
(C) सपादलक्ष – अजमेर, नागौर
(D) वागड – सीकर, झुंझुनु [D]

**94. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार राजस्थान के किन जिलों में स्टेपी जलवायु पायी जाती है?**
(A) गंगानगर और हनुमानगढ
(B) जैसलमेर और बीकानेर
(C) बाडमेर, जालौर और जोधपुर
(D) जयपुर, दौसा और टोंक [C]

**95. आर.टी.जी.एस. (वास्तविक समय सकल निपटान प्रणाली) का लाइव रन (जीवन्त प्रचालन) प्रारम्भ हुआ था?**
(A) 2004 में (B) 2010 में
(C) 2002 में (D) 2006 में [A]

**96. अरावली पर्वतमाला के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौनसे तथ्य सत्य है?**
**(i) इसका निर्माण कैम्ब्रियन युग में हुआ था।**
**(ii) वर्तमान में यह अवशिष्ट पर्वत के रूप में है।**
**(iii) यह मुख्यत: आग्नेय चट्टानों से निर्मित है।**
**(iv) यह दक्षिण – पश्चिम से उत्तर – पूर्व दिशा में विस्तृत है।**
**कूट :-**
(A) iii और iv (B) ii और iv
(C) i और ii (D) i, ii, iii और iv [B]

**97. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के संदर्भ में, निम्नलिखित में से दी गई घटनाओं का कौनसा कालक्रम सही है?**
(A) बंगाल का विभाजन – कांग्रेस का सूरत विभाजन – लखनऊ समझौता
(B) कांग्रेस का सूरत विभाजन – लखनऊ समझौता – बंगाल का विभाजन
(C) कांग्रेस का सूरत विभाजन – बंगाल का विभाजन – लखनऊ समझौता
(D) बंगाल का विभाजन – लखनऊ समझौता – कांग्रेस का सूरत विभाजन [A]

**98. मौलवी लियाकत अली, जिन्होंने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, निम्नलिखित में से किस शहर से संबंधित थे?**
(A) फैजाबाद (B) लखनऊ
(C) इलाहाबाद (D) बरेली [C]

**99. निम्न में से कौनसा एक युग्म (राजस्थान के राज्यपाल – पूर्व पद) सही नहीं है?**
(A) कलराज मिश्रा – उत्तरप्रदेश के राज्यपाल
(B) कल्याण सिंह – उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री
(C) राम नाईक – उत्तरप्रदेश के राज्यपाल
(D) मदनलाल खुराना – दिल्ली के मुख्यमंत्री [A]

**100. ऐतिहासिक स्थल जाबालिपुर की आधुनिक पहचान है-**
(A) सिरोही (B) जैसलमेर
(C) जालौर (D) नागौर [C]

**101. एम.एस.-वर्ड-2019 डॉक्यूमेंट के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार करें-**
**1. छुपे हुए फॉर्मेट चिन्हों को कन्ट्रोल+शिफ्ट+8 दबाकर देखा जा सकता है।**
**2. कन्ट्रोल+एन्टर दबाकर एक लाइन ब्रेक प्रविष्ट करवाया जा सकता है।**
**उचित कथन है/हैं-**
(A) 1 तथा 2 दोनों (B) न 1 और ना ही 2
(C) केवल 1 (D) केवल 2 [C]

**102. निम्न में से कौनसा एक अनुचित युग्म है?**
(A) इम्पैक्ट प्रिन्टर्स, डेजी-व्हील प्रिन्टर्स
(B) 132 कॉलम प्रिन्टर्स, इन्क-जेट प्रिन्टर्स
(C) लाइन प्रिन्टर्स, ड्रम प्रिन्टर्स
(D) पेज प्रिन्टर्स, लेजर प्रिन्टर्स **[B]**

**103. निम्न में से कौन सा एंटी-वायरस सॉफ्टवेयर नहीं है?**
(A) Fedora (B) F-Prot
(C) McAfee (D) NAV **[A]**

**104. निम्नलिखित में से कौन सा एक साउंड फाइल फॉर्मेट है?**
(A) WAV फाइल्स (B) DAT फाइल्स
(C) LOG फाइल्स (D) DRV फाइल्स **[A]**

**105. प्राथमिक तौर पर एकल बस संरचना कहाँ पायी जाती है?**
(A) उच्च परफॉर्मेंस मशीनें
(B) मेनफ्रेम
(C) मिनी और माइक्रो कम्प्यूटर्स
(D) सुपर कम्प्यूटर्स **[C]**

**106. वैब 3.0 (Web 3.0) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
(1) वैब 3.0 ब्लॉक चेन तकनीक पर आधारित है।
(2) वैब 3.0 अंतर-सरकारी पैनल द्वारा संचालित है।
(3) वैब 3.0 तकनीक लोगों को अपने डेटा को नियंत्रित करने में सक्षम बनाती है।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन-से सही है।
(A) 1 और 3 (B) 2 और 3
(C) 1, 2 और 3 (D) 1 और 2 **[A]**

**107. एलिफेंटियासिस किसके कारण होता है?**
(A) फाइलेरिया कृमि (B) एस्केरिस
(C) फीता कृमि (D) चपटे कृमि **[A]**

**108. निम्नलिखित में से कौन सा ग्लोबल वॉर्मिंग (भूमण्डलीय तापन) का प्रमुख कारण है?**
(A) आई.आर. किरणों का $CO_2$ और $H_2O$ द्वारा पुन: विकिरण
(B) आई.आर. किरणों का $O_2$ और $H_2O$ द्वारा पुन: विकिरण
(C) यू.वी. किरणों का $CO_2$ और $H_2O$ द्वारा पुन: विकिरण
(D) यू.वी. किरणों का $O_2$ और $H_2O$ द्वारा पुन: विकिरण **[A]**

**109. आर्टिफिशियन रेनिंग (कृत्रिम वर्षा) और क्लाउड सीडिंग के लिए सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला रसायन है-**
(A) सिल्वर आयोडाइड (B) फेरस सल्फेट
(C) पोटेशियम नाइट्रेट (D) कॉपर सल्फेट **[A]**

**110. निम्नलिखित में से कौन रासायनिक परिवर्तन का उदाहरण है?**
(A) नमक का पानी में घुलना
(B) पकाए जाने पर सब्जी का नरम होना।
(C) गीली मिट्टी का दीपक, सूखने पर भंगुर हो जाता है
(D) प्रिज्म से गुजरने पर सफेद प्रकाश का 7 रंगो के प्रकाश में विक्षेपित होना **[B]**

**111. निम्नलिखित में से किसमें लॉरिक एसिड होता है, जिसका उपयोग कुछ संक्रमणों के इलाज के लिए किया जाता है और मॉइस्चराइजिंग क्रीम के निर्माण में भी किया जाता है?**
(A) सरसों का तेल (B) मक्खन
(C) जैतून का तेल (D) नारियल तेल **[D]**

**112. बौना ग्रह सीरीस किसके मध्य स्थित है?**
(A) शनि और अरूण (B) बृहस्पति और मंगल
(C) अरूण और वरूण (D) बृहस्पति और शनि **[B]**

**113. पृथ्वी की सतह से भू-स्थिर उपग्रह की ऊँचाई लगभग कितनी होती है?**
(A) 63000 किमी. (B) 36000 किमी.
(C) 42000 किमी. (D) 6000 किमी. **[B]**

**114. कपास के बीजों से प्राप्त कपास का रेशा है एक-**
(A) पॉलीसेकेराइड (B) पॉलीपेप्टाइड
(C) मोनोसेकेराइड (D) पॉली एमीनो अम्ल **[A]**

**115. विक्रम – एस क्या है?**
(A) नासा (एन.ए.एस.ए.) में स्थापित प्रक्षेपण यान नियन्त्रण केन्द्र।
(B) मौसम की जानकारी हेतु हाल ही में भेजा गया भारतीय उपग्रह।
(C) भारत का प्रथम निजी निर्मित रॉकेट।
(D) श्री हरीकोटा में नव स्थापित प्रक्षेपण यान नियन्त्रण केन्द्र। **[C]**

**116. यहाँ, दो कथनों के पश्चात दो निष्कर्ष I एवं II दिये है, आपको दिये कथनों को तब भी सत्य मानना है, जबकि यह सामान्य ज्ञात तथ्यों से भी भिन्नता रखते हों। निष्कर्षो को पढिये फिर निर्णय कीजिए कि दिये निष्कर्षों में कौनसा/कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से दोनों कथनों का अनुसरण करते है।**
**कथन : सभी डॉक्टर अच्छे है।**
**कुछ महिलायें डॉक्टर है।**
**निष्कर्ष : (1) सभी अच्छे डॉक्टर, महिलायें है।**
**(2) कुछ महिलायें अच्छी है।**
(A) यदि निष्कर्ष 1 एवं 2 दोनों अनुसरण करता है।
(B) यदि न तो निष्कर्ष 1 ना ही 2 अनुसरण करते है।
(C) यदि केवल निष्कर्ष 2 अनुसरण करता है।
(D) यदि केवल निष्कर्ष 1 अनुसरण करता है। **[C]**

**117. लडकों की एक कक्षा एक ही पंक्ति में खडी है। इस क्रम में एक लडका दोनों सिरों से तैंतीसवें स्थान पर है। कक्षा में कितने लडके है?**
(A) 66 (B) 65
(C) 69 (D) 64 **[B]**

**118. एक दो-अंकों की संख्या इस प्रकार है कि इनके अंकों का गुणनफल 12 है। यदि दी गई संख्या में 36 जोडा जाता है, तो दी गई संख्या के अंक अपना स्थान परस्पर बदल लेते है। दी गई संख्या बराबर है?**
(A) 34 (B) 62
(C) 43 (D) 26 **[D]**

**119. एक निश्चित कूट भाषा में, यदि "SOUND" को "ABCSD" लिखा जाता है, "MINERAL" को "QRSTUVW" लिखा जाता है, तो समान कूट भाषा में "READER" को लिखा जायेगा?**
(A) QDZCDQ (B) UTVDTU
(C) TUDVUT (D) SFBEFS **[B]**

**120. निम्नलिखित संख्या श्रेणी का अगला पद है-**
**975, 864, 753, 642, ?**
(A) 431 (B) 532
(C) 541 (D) 531 **[D]**

**121. एक समबाहु त्रिभुज एवं एक आयत की परिमाप का योग 90 से.मी. है। त्रिभुज का क्षेत्रफल T तथा आयत का क्षेत्रफल R (दोनों वर्ग से.मी. में) सम्बन्ध $R=T^2$ को संतुष्ट करते है। यदि आयत की भुजाओं का अनुपात 1:3 है, तो आयत की लम्बी भुजा की लम्बाई है-**
(A) 27 से.मी. (B) 6 से.मी.
(C) 9 से.मी. (D) 21 से.मी. **[A]**

**122. अज्ञात संख्या ज्ञात कीजिए-**


(A) 184 (B) 334
(C) 525 (D) 464 **[A]**

**123. 7 व्यक्तियों के एक परिवार में, वैज्ञानिक का विवाह एक अध्यापिका से हुआ, जिनके तीन बच्चे, एक इंजीनियर, एक डॉक्टर तथा एक अभिनेता है। अभिनेता की पत्नी नर्तकी है तथा सरिता की चाची है। सरिता, इंजीनियर की पुत्री अपने**

भाई महेश के साथ विज्ञान पढती है। डॉक्टर का महेश के साथ क्या सम्बन्ध है?
(A) पुत्र (B) दादा
(C) चाचा (D) भाई [C]


124. यदि दक्षिण-पूर्व दिशा, उत्तर दिशा बन जाती है, उत्तर-पूर्व, पश्चिम दिशा बन जाती है और इसी क्रम में दिशाएँ बनती है, तो दक्षिण दिशा क्या बन जायेगी?
(A) उत्तर (B) दक्षिण-पश्चिम
(C) उत्तर-पूर्व (D) उत्तर-पश्चिम [C]

125. कितने वर्षों में 80,000 रू. 10% वार्षिक ब्याज दर पर अर्द्धवार्षिक चक्रवृद्धि से 92,610 रू. हो जायेंगे?
(A) 2 वर्ष (B) 3 वर्ष
(C) 1 वर्ष (D) $1^{1/2}$ वर्ष [D]

126. सुधीर और संजय की वर्तमान आयु का अनुपात: 4 : 5 है। पाँच वर्ष बाद इनकी आयु में अनुपात 5 : 6 हो जायेगा। सुधीर की वर्तमान आयु है-
(A) 18 वर्ष (B) 24 वर्ष
(C) 20 वर्ष (D) 25 वर्ष [C]


127. एक घन की सभी सतहों का लाल रंग से रंगा गया है। इसे समान आकार के 125 छोटे घनों में काटा जाता है। कितने घनों की केवल एक सतह रंगी गई है?
(A) 48 (B) 60
(C) 36 (D) 54 [D]

128. निम्न चित्र के पानी एवं दर्पण में प्रतिबिम्ब क्रमश: है-




[A]

129. नीचे दिए गये चित्र में कितने त्रिभुज है?



(A) 16 (B) 14
(C) 12 (D) 15 [A]

130. 7 संख्याओं का औसत 39 है और इनमें से 3 संख्याओं का औसत 27 है। बची हुई 4 संख्याओं का औसत बराबर है?
(A) 44
(B) 52
(C) 48
(D) 40 [C]

131. निम्न में से किस शब्द का संधि-विच्छेद असंगत है?
(A) उद्धरण = उद् + हरण
(B) अहर्गण = अहन् + गण
(C) महौजस्वी = महा + ओजस्वी
(D) ज्योतिश्चक्र = ज्योति + चक्र [D]

132. समास – विग्रह की दृष्टि से असंगत विकल्प चुनिए-
(A) षाण्मातुर – छह माताओं वाला।
(B) मंदोदरी – वह जिसका उदर मंद है।
(C) चक्षुश्रवा – व जो चक्षुओं से देखता है।
(D) निर्जन – जो स्थान जन से रहित है। [A]

133. निम्न में से कौनसी कार्यालयी पत्र की विशेषता नहीं है?
(A) पत्र सामासिक व आलंकारिक होने चाहिए।
(B) कार्यालयी पत्र उद्धेश्यपूर्ण व शिष्ट भाषा में होने चाहिए।
(C) पत्र संक्षिप्तता व प्रभावोत्पादकता से युक्त होने चाहिए।
(D) इनमें चिह्नांकन व अनुच्छेद का प्रयोग समुचित किया जाना चाहिए। [A]

134. 'राजा' सेवक को कम्बल देता है। उक्त वाक्य में रेखांकित पद में कौन-सा कारक है?
(A) सम्बन्ध कारक (B) सम्प्रदान कारक
(C) कर्ता कारक (D) कर्म कारक [B]

135. अशुद्ध शब्द-समूह के विकल्प का चयन कीजिए-
(A) तदोपरांत, निराभिमान, अभिप्सा, आर्जवता
(B) इकाई, अहर्निश, पक्षिगण, कृतकृत्य
(C) उपलक्ष्य, श्वेतांगी, प्रज्वलित, साँस
(D) निर्भय, निर्लोभ, निस्वार्थ, निरूत्साह [A]

136. अरण्य का पर्यायवाची शब्द है?
(A) बाग (B) कानन
(C) उपवन (D) वाटिका [A]

137. असंगत विकल्प चुनिए-
(A) सौकुमार्य – दो उपसर्गो से निर्मित शब्द है।
(B) प्रागैतिहासिक – 'प्राक्' उपसर्ग एवं 'इक' प्रत्यय से बना शब्द है।
(C) अप्रत्यक्ष – 'अ' एवं 'प्रति' उपसर्गों से बना शब्द है।
(D) पर्युत्सुक – 'परि' एवं 'उद्' उपसर्ग से बना शब्द है। [A]

138. असंगत विलोम-युग्म का चयन कीजिए-
(A) तेजस्वी-निस्तेज, समास-व्यास
(B) अधम-महान, आज्ञा-अनुज्ञा
(C) अग्रज-अनुज, सदाशय-दुराशय
(D) भौतिक-आध्यात्मिक, अवर-प्रवर [B]

139. Contempt के लिए प्रयुक्त पारिभाषिक शब्द होगा?
(A) समेकित (B) घोषणा
(C) अवमानना (D) आलेख [C]

140. सबसे अलग स्थिति उक्त अर्थ की बोधक लोकोक्ति है?
(A) चमडी जाए पर दमडी न जाए
(B) तू डाल-डाल, मैं पात-पात
(C) तीन लोक से मथूरा न्यारी
(D) बालू से तेल निकालना [C]

Direction (141 to 143): Read the passage carefully and answer the following questions-
Street theatre in India is a well established ancient art form. Despite the proliferation of modern means of entertainment and communication, street theatre continues to flourish in India. Street theatre as a channel of communication has for centuries been propagating reforms by highlighting social, economic and political issues present in the society. Unlike in the olden days, its performance is no longer restricted to villages or small localities of the city. Today

**small groups of performers including students, would stage performances to mobilize public opinion or to help create or raise awareness over a particular issue of public importance. Themes on substance abuse, AIDS awareness and domestic violence are some of the areas highlighted by contemporary street theatre troupe. Unlike in regular drama street drama employ very little props and images. The human body becomes the main tool in which choreography, mime, dialogues, songs and slogans are extensively used.**

**141. Which of the following in the passage is the opposite of 'stablization'?**
(A) ancient (B) propagating
(C) reform (D) established **[C]**

**142. Which of the following word in the passage means 'regardless'?**
(A) contemporary (B) restricted
(C) despite (D) mobilize **[C]**

**143. In the olden day, street theatre.......... To villages or small localities of the city.**
(A) was opened (B) was restricted
(C) was entertained (D) was not resticted **[B]**

**144. Fill in the correct article.**
**.................... sugar is good for our health.**
(A) A (B) The
(C) An (D) No article **[D]**

**145. Mathch the sentence with blank spaces in Column (A) with the prepositions listed in Column (B) so as to frame correct sentence-**
**Column (A)**
**(Sentence)**
**(i) She is grateful ........ Her friend for her help.**
**(ii) I have got a meeting ........ Thursday afternoon.**
**(iii) I am not satisfied ........... your explanation.**
**(iv) This car is ......... sale, if you are keen to buy it.**
**Column (B)**
**(Preposition)**
**(a) on (b) with**
**(c) for (d) to**
(A) (i)-b, (ii)-c, (iii)-d, (iv)-a
(B) (i)-a, (ii)-c, (iii)-d, (iv)-b
(C) (i)-d, (ii)-c, (iii)-b, (iv)-a
(D) (i)-d, (ii)-a, (iii)-b, (iv)-c **[D]**

**146. Choose the correct option-**
**The interviewer asked me my name. (Change into Passive Voice)**
(A) The inter viewer had been asked my name by me.
(B) I was asked my name by the interviewer.
(C) I has been asked my name by the interviewer.
(D) I have been asked my name by the interviewer **[B]**

**147. Choose the meaning of the underlined phrase of idiom-**
**<u>She played ducks and drakes</u> with her money.**
(A) spent lavishly (B) did not spend
(C) lent (D) borrowed **[A]**

**148. Pick up the correct answer from the given options-**
**John said "I waited for Lisa till 10 O'clock". (Change into indirect Speech)**
(A) John told me that I had waited for Lisa till 10 O'clock'.
(B) John said that he had been waiting for Lisa till 10 O'clock'
(C) John told me that he waited for Lisa till 10 O'clock'
(D) John said that he had waited for Lisa till 10 O'clock' **[D]**

**149. Choose the correct from fo the verb/tnese to complete the sentence from the given option-**
**"The child......................... For the last one hour."**
(A) was sleeping (B) slept
(C) has been sleeping (D) is sleeping **[C]**

**150. Give onw word substitute for – 'Free from disturbance'.**
(A) Violent (B) Chaotic
(C) Tranquil (D) Agitated **[C]**

